# श्री घनश्याम ठाकुर, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–01/208/53 का उत्तर प्रतिवेदन

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :– (क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखंड के चानपुरा में बांध निर्माण 1982 में कराया गया, चानपुरा रिंग बांध का निर्माण किया गया और 2014 में इसका विस्तार भी किया गया ; | (क) स्वीकारात्मक । |
| (ख) क्या यह सही है कि इस रिंग बांध में माधोपुर में स्लूईस गेट का निर्माण नहीं किया गया जिससे पानी का बहाव रूक गया है और चानपुरा, धनुषी, रजबा टोला, माधोपुर रिंग बांध की सुरक्षा हेतु बहाव भी रूक गया है ; | (ख) वस्तुस्थिति यह है कि चानपुरा, धनुषी, रजवाटोला, माधोपुर, सुरक्षा बांध में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा सड़क निर्माण किया गया है, जिसमें पूर्व से हयुम पाईप स्लूईस गेट/कल्भर्ट का निर्माण भी किया गया है । धौस नदी एवं खिरोई नदी के जलस्तर में अत्यधिक वृद्धि होने पर दोनों नदियों के बैक वाटर का पानी चाँदपुरा सुरक्षा बांध एवं चाँदपुरा रिंग बांध के बीच से अन्दर आता है तथा जलस्तर घटने पर धीरे–धीरे स्वतः उसी रास्ते एवं पूर्व से बने हयुम पाईप स्लूईस गेट/कल्भर्ट से निकल भी जाता है । |
| (ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार चानपुरा रिंग बांध में माधोपुर में स्लूईस गेट का निर्माण एवं 2014 में इस बांध के विस्तार के क्रम में 1982 में बने बांध से रेगिंग कराना चाहती है, यदि हॉ तो कबतक, नहीं तो क्यों ? | (ग) वर्ष 2014 में बांध विस्तारीकरण कार्य उपलब्ध भूमि के अनुरूप किया गया था । चानपुरा रिंग बांध से विस्तारित बांध को टैगिंग करने हेतु 180 मीटर की लंबाई में बांधों के टैगिंग के पश्चात सुरक्षा बांध पर अतिरिक्त दबाव भी पड़ सकता है। जिस हेतु आवश्यक सर्वेक्षणोंपरान्त विभाग द्वारा कार्रवाई की जायेगी । |

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(सम0)- 06–30/2024– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–1/208/53 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(सम0)- 06–30/2024– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(सम0)- 06–30/2024– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(सम0)- 06–30/2024– 119 /पटना, दिनांक– 10/01/25

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo